भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1250**

जिसका उत्तर सोमवार, 8 दिसम्बर, 2025/17 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया गया

**ओडिशा के बारगढ़ और झारसुगुड़ा जिलों में नई बैंक शाखाएं खोलना**

1250. श्री प्रदीप पुरोहित:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को ओडिशा के बारगढ़ और झारसुगुड़ा जिलों के विभिन्न अल्पसेवित क्षेत्रों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की नई शाखाएं खोलने की आवश्यकता की जानकारी है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इन दोनों जिलों में नई बैंक शाखाएं खोलने के संबंध में संबंधित प्राधिकारियों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार और बैंक-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार का विचार वित्तीय समावेशन और बैंकिंग सुविधाओं तक पहुंच में सुधार लाने के लिए निकट भविष्य में बारगढ़ और झारसुगुड़ा जिलों में नई बैंक शाखाएं खोलने का है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा ओडिशा के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में पर्याप्त बैंकिंग अवसंरचना सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

**(क) से (घ):** सरकार का प्रयास देश के सभी बसे हुए गांवों के 5 किलोमीटर के भीतर बैंकिंग आउटलेट (बैंक शाखा/बीसी/इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक) की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। बैंकिंग आउटलेट की उपलब्धता की निगरानी भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित ऐप, अर्थात् जन धन दर्शक (जेडीडी) ऐप द्वारा की जाती है। दिनांक 31.10.2025 तक जेडीडी ऐप पर बैंकों द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों के आधार पर देश में 99.91% गांव 5 किलोमीटर के दायरे में बैंकिंग आउटलेट (बैंक शाखा/बीसी/आईपीपीबी) से कवर किए गए हैं। ओडिशा के बारगढ़ और झारसुगुड़ा जिलों के सभी बसे हुए गांवों को 5 किलोमीटर के दायरे में एक बैंकिंग आउटलेट द्वारा कवर किया गया है।

इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक के मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार, कवर न किए गए क्षेत्रों में बैंकिंग आउटलेट को शुरू करना एक सतत् प्रक्रिया है जिसकी देखरेख राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी)/संघ राज्य क्षेत्र स्तरीय बैंकर्स समिति (यूटीएलबीसी) द्वारा संबंधित राज्य सरकारों, सदस्य बैंकों और अन्य हितधारकों के परामर्श से की जाती है। बैंक, अन्य बातों के साथ-साथ, भारतीय रिजर्व बैंक के अनुदेशों, अपनी व्यावसायिक योजनाओं और अपनी वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आलोक में बैंकिंग आउटलेट खोलने के प्रस्तावों पर विचार करते हैं। बैंकिंग आउटलेट खोलने की व्यवहार्यता का और अधिक आकलन करने के लिए बैंक आवश्यकतानुसार सर्वेक्षण करते हैं। ऐसे प्रस्तावों के आंकड़े केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखे जाते हैं।

इसके अलावा, जन धन दर्शक (जेडीडी) ऐप पर बैंकों द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों के आधार पर, ओडिशा राज्य सहित ओडिशा के बारगढ़ और झारसुगुड़ा जिलों में बैंकिंग बुनियादी ढांचे की प्रगति निम्नानुसार है:

**बारगढ़ जिला:**

| आज की तारीख में | शाखा | बीसी | एटीएम | आईपीपीबी |
|---|---|---|---|---|
| मार्च-2023 | 189 | 841 | 181 | 224 |
| मार्च-2024 | 203 | 1,183 | 184 | 283 |
| मार्च-2025 | 206 | 1,357 | 180 | 280 |
| अक्तूबर-2025 | 212 | 1,393 | 186 | 281 |

**झारसुगुड़ा जिला:**

| आज की तारीख में | शाखा | बीसी | एटीएम | आईपीपीबी |
|---|---|---|---|---|
| मार्च-2023 | 109 | 188 | 142 | 87 |
| मार्च-2024 | 112 | 274 | 144 | 92 |
| मार्च-2025 | 112 | 319 | 140 | 92 |
| अक्तूबर-2025 | 113 | 342 | 140 | 92 |

**ओडिशा राज्य:**

| आज की तारीख में | शाखा | बीसी | एटीएम | आईपीपीबी |
|---|---|---|---|---|
| मार्च-2023 | 5,890 | 18,871 | 7,070 | 7,150 |
| मार्च-2024 | 6,155 | 29,324 | 7,149 | 8,964 |
| मार्च-2025 | 6,349 | 34,468 | 7,030 | 8,976 |
| अक्तूबर-2025 | 6,411 | 36,081 | 7,187 | 9,051 |

*****

भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1250**

जिसका उत्तर सोमवार, 8 दिसम्बर, 2025/17 अग्रहायण, 1947 (शक) को दिया गया

**ओडिशा के बारगढ़ और झारसुगुड़ा जिलों में नई बैंक शाखाएं खोलना**

1250. श्री प्रदीप पुरोहित:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को ओडिशा के बारगढ़ और झारसुगुड़ा जिलों के विभिन्न अल्पसेवित क्षेत्रों में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों की नई शाखाएं खोलने की आवश्यकता की जानकारी है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या इन दोनों जिलों में नई बैंक शाखाएं खोलने के संबंध में संबंधित प्राधिकारियों से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और यदि हां, तो तत्संबंधी जिला-वार और बैंक-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार का विचार वित्तीय समावेशन और बैंकिंग सुविधाओं तक पहुंच में सुधार लाने के लिए निकट भविष्य में बारगढ़ और झारसुगुड़ा जिलों में नई बैंक शाखाएं खोलने का है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) सरकार द्वारा ओडिशा के ग्रामीण और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में पर्याप्त बैंकिंग अवसंरचना सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

**(क) से (घ):** सरकार का प्रयास देश के सभी बसे हुए गांवों के 5 किलोमीटर के भीतर बैंकिंग आउटलेट (बैंक शाखा/बीसी/इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक) की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। बैंकिंग आउटलेट की उपलब्धता की निगरानी भौगोलिक सूचना प्रणाली (जीआईएस) आधारित ऐप, अर्थात् जन धन दर्शक (जेडीडी) ऐप द्वारा की जाती है। दिनांक 31.10.2025 तक जेडीडी ऐप पर बैंकों द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों के आधार पर देश में 99.91% गांव 5 किलोमीटर के दायरे में बैंकिंग आउटलेट (बैंक शाखा/बीसी/आईपीपीबी) से कवर किए गए हैं। ओडिशा के बारगढ़ और झारसुगुड़ा जिलों के सभी बसे हुए गांवों को 5 किलोमीटर के दायरे में एक बैंकिंग आउटलेट द्वारा कवर किया गया है।

इसके अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक के मौजूदा दिशा-निर्देशों के अनुसार, कवर न किए गए क्षेत्रों में बैंकिंग आउटलेट को शुरू करना एक सतत् प्रक्रिया है जिसकी देखरेख राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी)/संघ राज्य क्षेत्र स्तरीय बैंकर्स समिति (यूटीएलबीसी) द्वारा संबंधित राज्य सरकारों, सदस्य बैंकों और अन्य हितधारकों के परामर्श से की जाती है। बैंक, अन्य बातों के साथ-साथ, भारतीय रिजर्व बैंक के अनुदेशों, अपनी व्यावसायिक योजनाओं और अपनी वाणिज्यिक व्यवहार्यता के आलोक में बैंकिंग आउटलेट खोलने के प्रस्तावों पर विचार करते हैं। बैंकिंग आउटलेट खोलने की व्यवहार्यता का और अधिक आकलन करने के लिए बैंक आवश्यकतानुसार सर्वेक्षण करते हैं। ऐसे प्रस्तावों के आंकड़े केन्द्रीय स्तर पर नहीं रखे जाते हैं।

इसके अलावा, जन धन दर्शक (जेडीडी) ऐप पर बैंकों द्वारा अपलोड किए गए आंकड़ों के आधार पर, ओडिशा राज्य सहित ओडिशा के बारगढ़ और झारसुगुड़ा जिलों में बैंकिंग बुनियादी ढांचे की प्रगति निम्नानुसार है:

**बारगढ़ जिला:**

| आज की तारीख में | शाखा | बीसी | एटीएम | आईपीपीबी |
|---|---|---|---|---|
| मार्च-2023 | 189 | 841 | 181 | 224 |
| मार्च-2024 | 203 | 1,183 | 184 | 283 |
| मार्च-2025 | 206 | 1,357 | 180 | 280 |
| अक्तूबर-2025 | 212 | 1,393 | 186 | 281 |

**झारसुगुड़ा जिला:**

| आज की तारीख में | शाखा | बीसी | एटीएम | आईपीपीबी |
|---|---|---|---|---|
| मार्च-2023 | 109 | 188 | 142 | 87 |
| मार्च-2024 | 112 | 274 | 144 | 92 |
| मार्च-2025 | 112 | 319 | 140 | 92 |
| अक्तूबर-2025 | 113 | 342 | 140 | 92 |

**ओडिशा राज्य:**

| आज की तारीख में | शाखा | बीसी | एटीएम | आईपीपीबी |
|---|---|---|---|---|
| मार्च-2023 | 5,890 | 18,871 | 7,070 | 7,150 |
| मार्च-2024 | 6,155 | 29,324 | 7,149 | 8,964 |
| मार्च-2025 | 6,349 | 34,468 | 7,030 | 8,976 |
| अक्तूबर-2025 | 6,411 | 36,081 | 7,187 | 9,051 |

*****